सं0-30/2015/57/62-2-2015-2/2(67)/2008

प्रेषक,

चन्द्र प्रकाश,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु सिंचाई विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनउ- दिनांक- 11 फरवरी,2015

विषय- नवसृजित जनपद-कांशीराम नगर में सृजित अस्थाई पदों की निरन्तरता के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-74/स्था0-5(1)/2014-15, दिनांक 05-01-2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नवसृजित जनपद कांशीराम नगर हेतु शासनादेश सं0-2642/62-2-2008-2/2(67)/2008, दिनांक 18-8-2008 द्वारा सहायक अभियंता, कनिष्ठ लिपिक एवं चपरासी के एक-एक पद कुल 03 पद कतिपय शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सृजित/स्वीकृत किये गये थे। इन स्वीकृत पदों की निरन्तरता शासनादेश सं0-553/62-2-2014-2/2(67)/2008, दिनांक 18-3-2014 द्वारा दिनांक 28-02-2015 तक के लिए प्रदान की गई है। इन पदों की विवरण संलग्न करते हुए दिनांक 29-02-2016 तक की निरन्तरता उपरोक्त निर्गत शासनादेश दिनांक 18-8-2008 में निहित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय वर्ष 2014-15 में अनुदान सं0-13 के अधीन **"लेखा शीर्षक-2702-लघु सिंचाई-आयोजनेत्तर-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-03-लघु सिंचाई योजना"** के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

संलग्नक:यथोक्त।

[redacted]

भवदीय,
ह0/
(चन्द्र प्रकाश)
प्रमुख सचिव।

सं0-30/2015/57(1)/62-2-2015, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)प्रथम/द्वितीय, उ0 प्र0 इलाहाबाद।
2- मण्डलायुक्त, अलीगढ उत्तर प्रदेश।
3- जिलाधिकारी, कांशीराम नगर।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी, कांशीराम नगर।
5- कोषाधिकारी, कांशीराम नगर।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2, उ0 प्र0 शासन।
7- वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उ0 प्र0 लखनऊ।
8- संबंधित अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता/सहायक अभियंता, लघु सिंचाई।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0/
(एस0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

नव सृजित जनपद-कांशीराम नगर में लघु सिंचाई विभाग के स्वीकृत पदों का विवरण:--

क्र0सं0	पदनाम/वेतनमान	स्वीकृत पदों की संख्या	पदों के प्रथम सृजन का शासनादेश संख्या व दिनांक	पदों की दी गयी अन्तिम निरन्तरता संबंधी शासनादेश संख्या व दिनांक
1	2	3	4	5
1-	सहायक अभियंता (15600-39100, ग्रेड वेतन-5400/-	01	सं0-2642/62-2-2008-2/2(67)/2008, दिनांक 18-8-2008	सं0-389/62-2-2012-2/2(67)/2008, दिनांक 28-02-2012(प्रति संलग्न)
2-	कनिष्ठ लिपिक (5200-20200, गेड वेतन-1900/-	01	--तदैव--	--तदैव--
3-	चपरासी (5200-20200, ग्रेड वेतन-1800/-	01	--तदैव--	--तदैव--
	योग-	03		

ह0/
(एस0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।